| |
|---|
| दिनांक 10.06.2025 |
| प्रेस विज्ञप्ति 13/2025 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

## स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति आई0पी0एस0 अधिकारी का विदाई समारोह सम्पन्न

**श्री राजीव कृष्ण,** पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 द्वारा आज दिनॉकः 10.06.2025 को पुलिस मुख्यालय में आयोजित विदाई समारोह के दौरान स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति आई0पी0एस0 अधिकारी श्री आशीष गुप्ता पुलिस महानिदेशक, नियम एवं ग्रन्थ, उ0प्र0 को स्मृति चिन्ह भेंट की गयी तथा सेवाकाल के दौरान उल्लेखनीय योगदान की सराहना करते हुए उनके एवं उनके परिवार के सुख, समृद्धि एवं उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गयी।

कार्यक्रम के दौरान सेवानिवृत्त पुलिस महानिदेशक/चेयरमैन यूपीएसएसएससी, श्री एस0एन0 साबत जी, पुलिस महानिदेशक श्रीमती रेणुका मिश्रा, पुलिस महानिदेशक होमगार्ड श्री बी0के0मौर्य, पुलिस महानिदेशक प्रशिक्षण श्रीमती तिलोत्तमा वर्मा, अपर पुलिस महानिदेशक तकनीकी सेवाएं श्री नवीन अरोड़ा द्वारा अपने संबोधन में श्री आशीष गुप्ता जी के साथ प्रशिक्षण में बिताये गये पल एवं सेवाकाल से सम्बन्धित संस्मरणो को साझा किया गया।

**श्री आशीष गुप्ता जी** द्वारा अपने सम्बोधन में पुलिस परिवार, उ0प्र0 पुलिस के अपने बैचमेट, कनिष्ठो एवं अपने परिजनो का आभार व्यक्त किया गया।

**श्री आशीष गुप्ता जी** का जन्म 25 दिसम्बर 1966 को जनपद लखनऊ में हुआ था। वर्ष 1989 में **'भारतीय पुलिस सेवा'** में चयनित होकर उ0प्र0 संवर्ग में नियुक्त हुये। तदोपरान्त पुलिस अधीक्षक, जनपद ललितपुर, पौड़ीगढ़वाल, बलिया, उन्नाव, गोण्डा, प्रतापगढ़, शाहजहाँपुर, पुलिस अधीक्षक, क्षेत्रीय अभिसूचना देहरादून, भ्रष्टाचार निवारण संगठन लखनऊ, अभिसूचना मुख्यालय लखनऊ, सेनानायक 32वीं वाहिनी पीएसी लखनऊ, 45वीं वाहिनी पीएसी अलीगढ़, पुलिस महानिरीक्षक लखनऊ परिक्षेत्र, लखनऊ, पुलिस महानिरीक्षक एसटीएफ लखनऊ एवं अपर पुलिस महानिदेशक/पुलिस महानिरीक्षक रेलवे लखनऊ के पद पर नियुक्त रहे। इसके अतिरिक्त केन्द्रीय प्रतिनियुक्ति के 18 वर्ष से अधिक के कार्यकाल के दौरान यू0एन0 मिशन कोसोवो, सरदार वल्लभ भाई पटेल राष्ट्रीय पुलिस अकादमी हैदराबाद, निदेशक प्रधानमंत्री कार्यालय, नैटग्रिड में

संयुक्त सचिव एवं सी0ई0ओ0 के पद पर नियुक्त रहे। तदोपरान्त अपर महानिदेशक, सीमा सुरक्षा बल के पद पर नियुक्त रहने के दौरान विभिन्न नक्सल विरोधी अभियानों का संचालन किया गया। वर्ष 2022 में केन्द्रीय प्रतिनियुक्ति से अपने मूल संवर्ग में वापस आने के फलस्वरूप पुलिस महानिदेशक, नियम एवं ग्रन्थ, उ0प्र0 के पद पर नियुक्त हुये, जहाँ से आज स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति प्राप्त कर रहे हैं।

श्री आशीष गुप्ता जी निष्ठावान, ऊर्जावान एवं सौम्य स्वभाव के सुयोग्य अधिकारी रहे हैं। जिनका 34 वर्षों से अधिक का सेवाकाल अत्यन्त सराहनीय रहा है।

गणतन्त्र दिवस 2006 के अवसर पर दीर्घ एवं सराहनीय सेवाओं के लिये पुलिस पदक एवं गणतन्त्र दिवस 2014 के अवसर पर विशिष्ट सेवाओं के लिये राष्ट्रपति का पुलिस पदक से सम्मानित किया गया है।

इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक पॉवर कॉरपोरेशन, पुलिस महानिदेशक फायर, पुलिस महानिदेशक अभियोजन, अपर पुलिस महानिदेशक कानून–व्यवस्था, अपर पुलिस महानिदेशक पीएचक्यू, अपर पुलिस महानिदेशक लखनऊ जोन लखनऊ, अपर पुलिस महानिदेशक साइबर क्राइम, अपर पुलिस महानिदेशक पीएसी, अपर पुलिस महानिदेशक रेलवे, अपर पुलिस महानिदेशक लॉजिस्टिक, अपर पुलिस महानिदेशक/पुलिस महानिदेशक के जी0एस0ओ0, अपर पुलिस महानिदेशक अपराध सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।




जी.आर.पी


जी.आर.पी


जी.आर.पी

| |
|---|
| दिनांक 10.06.2025 |
| प्रेस विज्ञप्ति 14/2025 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

## एस0टीएफ0–जनपद बेगूसराय, बिहार में अपहरण कर हत्या की घटना को अंजाम देने वाला वांछित अभियुक्त राजीव यादव गिरफ्तार।

दिनांकः 10–06–2025 को एस0टीएफ0 उत्तर प्रदेश को थाना साहिबपुर कमाल, जनपद बेगूसराय, बिहार में अपहरण कर हत्या की घटना के सम्बन्ध में पंजीकृत मु0अ0सं0 149/25 धारा 140(1), 3(5), 103(1), 238 बी0एन0एस0 एवं 27 आर्म्स एक्ट में फरार अभियुक्त राजीव यादव को गौतमबुद्धनगर से गिरफ्तार करने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई।

**अभियुक्त का विवरणः**

राजीव यादव पुत्र देवहरी यादव निवासी ग्राम ज्ञानतोल थाना साहिबपुर कमाल, जनपद बेगूसराय, बिहार।

**गिरफ्तारी का दिनांक समय/स्थानः–**

दिनांक 10–06–2025 समय लगभग 16.50 बजे, के0आर0बी0एल0 चावल मिल खेडा धर्मपुरा थाना बादलपुर जनपद गौतमबुद्धनगर क्षेत्र

डीआईयू बेगूसराय, बिहार पुलिस द्वारा थाना साहिबपुर कमाल, जनपद बेगूसराय, बिहार में अपहरण कर हत्या की घटना के सम्बन्ध में फरार अभियुक्त राजीव यादव के गिरफ्तारी के सम्बन्ध में एसटीएफ उ0प्र0 से आवश्यक सहायोग मॉगा गया था। जिस सम्बन्ध में श्री राज कुमार मिश्रा, अपर पुलिस अधीक्षक, एस0टी0एफ0 फील्ड इकाई, नोएडा को निदेशित किया गया था। उक्त के अनुपालन में श्री नवेन्दु कुमार, पुलिस उपाधीक्षक एसटीएफ नोएडा के पर्यवेक्षण में उप निरीक्षक श्री अवध नारायण चौधरी व उप निरीक्षक श्री दीपक कुमार के नेतृत्व में टीम गठित कर अभिसूचना संकलन की कार्यवाही की जा रही थी।

अभिसूचना संकलन की कार्यवाही के दौरान आज दिनांक 10–06–2025 को एस0टी0एफ0 यूनिट नोएडा की टीम द्वारा उपरोक्त अभियोग में वांछित राजीव यादव को मुखबिर की सूचना के उपरान्त के0आर0वी0एल0 मिल छपरौला जनपद गौतमबुद्धनगर क्षेत्र से डी0आई0यू0 बेगूसराय बिहार पुलिस को साथ लेकर गिरफ्तार कर लिया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त राजीव यादव ने पूछताछ पर बताया कि उसकी उम्र लगभग 35 साल है, उसके गॉव का डबलू यादव, जो उसके भाई का साढू है, उसका मित्र है। अभियुक्त राजीव यादव एवं उसका दोस्त डबलू यादव तथा गौरव (जो अभियुक्त राजीव यादव के पास के गॉव का रहने वाला है ) दिनांक 24 मई 2025 को डबलू यादव के घर पर शराब पी रहे थे, उसी दौरान डबलू यादव एवं गौरव की लडाई एक ताड़ी (षराब) बनाने वाले व्यक्ति से हो गयी और उस व्यक्ति ने अपने साथी राकेष कदम उर्फ विकास पुत्र इन्द्रदेव शाह निवासी ग्राम ग्यानतोला थाना साहिबपुर कमाल बेगूसराय को फोन करके मौके पर बुला लिया था, जो डबलू यादव एवं गौरव की मारपीट का विरोध कर रहा था तभी अभियुक्त राजीव यादव ने अपने साथियों के साथ मिलकर लाठी, डण्डों से हमला करके राकेष कदम उर्फ विकास की हत्या कर शव को वही नदी के किनारे रेत में दबा दिया गया था। तभी से अभियुक्त राजीव यादव फरार चल रहा था। गिरफ्तार अभियुक्त राजीव यादव की अन्य अपराधिक गतिविधियों के सम्बन्ध में जानकारी की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त राजीव यादव के विरूद्व निम्न अभियोग का पंजीकृत होना ज्ञात हुआ है–**

| क0सं0 | मु0अ0स0 | धारा | थाना | जनपद |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 186/18 | 25(1-b), 26 आर्म्स एक्ट | साहिबपुर कमाल | बेगूसराय बिहार |
| 2 | 149/25 | 140(1), 3(5), 103(1), 238 बी0एन0एस0 एवं 27 आर्म्स एक्ट | साहिबपुर कमाल | बेगूसराय बिहार |

गिरफ्तार अभियुक्त राजीव यादव को थाना बादलपुर जनपद गौतमबुद्धनगर पर दाखिल किया गया। तदोपरान्त विधिक प्रक्रिया से अभियुक्त राजीव यादव को बेगूसराय बिहार पुलिस के सुपुर्द किया गया । अग्रिम विधिक कार्यवाही बेगूसराय बिहार पुलिस द्वारा की जाएगी ।

## एएनटीएफ/आपरेशनल यूनिट प्रयागराज

- **01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 01 करोड़ 40 लाख (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 700 ग्राम अवैध स्मैक**
- **01 मोबाइल फोन**
- **800/-रूपये नगद बरामद**

दिनॉकः 09.06.2025 को एएनटीएफ/आपरेशनल यूनिट प्रयागराज द्वारा सूचना के आधार पर भगवतपुर हास्पिटल के पास अन्तर्गत थाना एयरपोर्ट, कमिश्नरेट प्रयागराज से अभियुक्त सैय्यद मोहम्मद सिराज रब्बानी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से लगभग 01 करोड़ 40 लाख (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 700 ग्राम अवैध स्मैक, 01 मोबाइल फोन, 800/-रूपये नगद बरामद हुये।

इस सम्बन्ध में थाना एयरपोर्ट, कमिश्नरेट प्रयागराज पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1-सैय्यद मोहम्मद सिराज रब्बानी निवासी कुसुंभी पश्चिमी बेलांव पैगम्बरपुर थाना कोठी जनपद बाराबंकी।

**बरामदगी**

1-लगभग 01 करोड़ 40 लाख (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 700 ग्राम अवैध स्मैक।

2-01 मोबाइल फोन।

3-800/-रूपये नगद।

## जनपद ललितपुर/थाना महरौनी

- **पुलिस कार्यवाही में 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 अवैध पिस्टल मय जीवित/खोखा कारतूस आदि बरामद**

दिनांक 09.06.2025 को थाना महरौनी व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर ग्राम पठाविजय पुरा से ग्राम छपरट जाने वाले रास्ते पर बदमाश

की घेराबन्दी की गई तो बदमाश ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त विसदेव घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध पिस्टल मय जीवित/खोखा कारतूस आदि बरामद हुए। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके विरूद्ध जनपद ललितपुर के विभिन्न थानो में हत्या का प्रयास, डकैती, चोरी, आर्म्स एक्ट आदि के 07 अभियोग पंजीकृत है। गिरफ्तार अभियुक्त थाना महरौनी पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना महरौनी पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–विसदेव निवासी न्यू बस स्टैण्ड टीकमगढ़ थाना व जनपद टीकमगढ़ मध्यप्रदेश, हालपता कंचनपुरा कस्बा व थाना महरौनी जनपद ललितपुर।

**बरामदगी**

1–01 अवैध पिस्टल मय जीवित/खोखा कारतूस आदि।

## जनपद चन्दौली/थाना चकिया

- **पुलिस कार्यवाही में 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 अवैध पिस्टल मय जीवित/खोखा कारतूस**
- **01 मोटर साइकिल आदि बरामद**

दिनांक 10.06.2025 को थाना चकिया व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर मुरारपुर तिराहे के पास से चेकिंग के दौरान मोटर साइकिल सवार

बदमाशों को रोकने का प्रयास किया गया तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त विशाल घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। एक अन्य बदमाश मौके से फरार हो गया, जिसकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध पिस्टल मय जीवित/खोखा कारतूस, 01 मोटर साइकिल आदि बरामद हुए। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके विरूद्ध जनपद गाजीपुर, चन्दौली के विभिन्न थानो में हत्या, हत्या का प्रयास, गैंगेस्टर एक्ट, गुण्डा एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि के 26 अभियोग पंजीकृत है। गिरफ्तार अभियुक्त थाना धानापुर पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना चकिया पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–विशाल निवासी ग्राम सिहोरी थाना नन्दगंज जनपद गाजीपुर।

**बरामदगी**

1–01 अवैध पिस्टल मय जीवित/खोखा कारतूस।

2–01 मोटर साइकिल आदि।

## जनपद अलीगढ़/थाना गोधा

## 01 अभियुक्त गिरफ्तार

- **लगभग 06 लाख रूपये कीमत के चोरी के सोने के आभूषण**
- **घटना में प्रयुक्त 02 मोबाइल फोन**
- **01 टाटा ऐस लोडर टैम्पू बरामद**

दिनॉक:10.06.2025 को थाना गोधा व साइबर सेल की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर ग्राम धर्मपुर नगरिया पट्टी देवरी थाना हसायन जनपद हाथरस से

अभियुक्त सोहेल को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से लगभग 06 लाख रूपये कीमत के चोरी के सोने के आभूषण, घटना में प्रयुक्त 02 मोबाइल फोन, 01 टाटा ऐस लोडर टैम्पू बरामद हुये।

इस सम्बन्ध में थाना गोधा पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–सोहेल निवासी ग्राम धर्मपुर नगरिया पट्टी देवरी थाना हसायन जनपद हाथरस।

**बरामदगी**

1–लगभग 06 लाख रूपये कीमत के चोरी के सोने के आभूषण।

2–घटना में प्रयुक्त 02 मोबाइल फोन।

3–01 टाटा ऐस लोडर टैम्पू।

## कमिश्नरेट आगरा/थाना शमशाबाद

- **03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की 10 दो पहिया वाहन, 02 ट्रैक्टर**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस बरामद**

दिनॉक:10.06.2025 को थाना शमशाबाद व एसओजी/सविलांस सेल की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर इरादतनगर बाईपास रोड तिराहा से 03 अभियुक्तों 1–मानवेन्द्र 2–मुराद खान 3–विजय को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी की 10 दो पहिया वाहन, 02 ट्रैक्टर, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस बरामद हुये।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त मानवेंद्र के विरूद्ध कमिश्नरेट आगरा के विभिन्न थानों पर वाहन चोरी, धोखाधड़ी, आर्म्स एक्ट, गैंगेस्टर एक्ट आदि के 17 अभियोग व अभियुक्त विजय के विरूद्ध कमिश्नरेट आगरा के विभिन्न थानों पर लूट, चोरी व गैंगेस्टर एक्ट आदि के लगभग आधा दर्जन अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना शमशाबाद पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–मानवेन्द्र निवासी ग्राम मोहनपुर थाना फतेहाबाद, आगरा।

2–मुराद खान निवासी ग्राम बत्रा थाना इरादतनगर, आगरा।

3–विजय निवासी ग्राम गढ़ी उदयराज थाना फतेहाबाद, आगरा।

**बरामदगी**

1–चोरी की 10 दो पहिया वाहन, 02 ट्रैक्टर।

2–01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस।

- **जनपद मऊ/थाना दक्षिण टोला (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा 04 अभियुक्तो को आजीवन कठोर कारावास की सजा व 55–55 हजार रूपये अर्थदण्ड)**

जनपद मऊ पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद मऊ द्वारा थाना दक्षिण टोला पर पंजीकृत अभियोग में धारा 302/34/307 भादवि के अन्तर्गत अभियुक्त 1–छेदीलाल 2–अशोक कुमार 3–संतोष कुमार 4–दीपक को आजीवन कठोर कारावास व 55–55 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

- **जनपद प्रतापगढ़/थाना कोतवाली नगर (प्रभावी परवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा अभियुक्त को आजीवन कारावास की सजा व 20 हजार रूपये अर्थदण्ड)**

जनपद प्रतापगढ़ पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद प्रतापगढ़ द्वारा थाना कोतवाली नगर पर पंजीकृत अभियोग में धारा 302 भादवि के अन्तर्गत अभियुक्त सूरज को आजीवन कारावास व 20 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

- **<u>जनपद मुरादाबाद/थाना ठाकुरद्वारा (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा अभियुक्त को सश्रम आजीवन कारावास की सजा व 10 हजार रूपये अर्थदण्ड)</u>**

जनपद मुरादाबाद पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद मुरादाबाद द्वारा थाना ठाकुरद्वारा पर पंजीकृत अभियोग में धारा 302/34 भादवि के अन्तर्गत अभियुक्त लौकेश को सश्रम आजीवन कारावास व 10 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

| |
|---|
| दिनांक 10.06.2025 |
| प्रेस विज्ञप्ति 15 / 2025 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

## उत्तर प्रदेश पुलिस के हेलमेट लगाने हेतु जागरूकता सम्बन्धी ट्वीट को आमजन की मिली सराहना

**पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश, श्री राजीव कृष्ण** द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस के सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म के माध्यम से आमजन को यातायात के प्रति जागरूक किए जाने हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त निर्देश के अनुपालन में दिनांक 09 जून 2025 को उत्तर प्रदेश पुलिस के X (ट्विटर) अकाउंट से आमजन को हेलमेट लगाए जाने के लिए जागरूक करने के उद्देश्य से फिल्म हाउसफुल-5 में दिखाए गए दो क्लाइमैक्स के विकल्प के सदृश्य क्रिएटिव बनाकर पोस्ट किया गया। उक्त क्रिएटिव में दो फ़ोटो को लगाकर उनको 02 विकल्प के रूप में प्रदर्शित किया गया है। एक विकल्प में युवक को हेलमेट लगाए हुए दिखाया गया है, जिसे विकल्प 5A के रूप में दिखाया गया है। दूसरे विकल्प में बिना हेलमेट वाले युवक को चोटिल दशा में सर में पट्टी बांधे हुए दिखाया गया है, जिसे विकल्प 5B के रूप में दिखाया गया है। उक्त क्रिएटिव के माध्यम से लोगों को हेलमेट को लगाए जाने के लिए जागरुक करते हुए यह टेक्स्ट लिखा गया है कि- "Book Your Climax Wisely". उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा रोचक अंदाज में किए गए इस जागरूकता संबंधी पोस्ट को सोशल मीडिया पर आमजन द्वारा काफी संख्या में पसंद किया जा रहा है। 24 घंटे के अंदर ही उक्त पोस्ट को लगभग 01 लाख 22 हजार से अधिक लोगों द्वारा देखा जा चुका है एवं 1100 से ज्यादा लोगों द्वारा लाइक एवं लगभग 650 रिट्वीट प्राप्त हो चुके हैं।

उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा किए गए इस जागरूकता सम्बन्धी पोस्ट को **फिल्म अभिनेता रितेश देशमुख द्वारा अपने X (ट्विटर) अकाउंट से Quote Tweet करके लिखा गया कि, "Be Responsible - Make the right choice. @Uppolice #RaodSafety #Helmet"।** उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा लगातार अपने सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म के माध्यम से आमजन को यातायात एवं अन्य समसामयिक विषयों पर जागरूक किए जाने के लिए ऐसे रोचक एवं आकर्षक क्रिएटिव बनाकर पोस्ट किया जाता रहा है। पूर्व में भी फिल्म अभिनेता अमिताभ बच्चन, अक्षय कुमार, मनोज बाजपेयी, दिशा पाटनी, इमरान हाशमी, अली फजल आदि के द्वारा भी उत्तर प्रदेश पुलिस के सोशल मीडिया पोस्ट को लाइक एवं रिट्वीट करते हुए उस पर Quote Tweet किया जा चुका है।

**UP POLICE** @Uppolice · Jun 9


"Same cast, different ending"

When you're out on the road remember it's your choice how it ends.

#Housefull5...




2:50 PM · Jun 9, 2025 · **37.9K** Views



**Riteish Deshmukh** @Riteishd

Follow

Be Responsible - Make the right choice.
@Uppolice #RoadSafety #Helmet

# <u>आमजन द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस के ट्वीट पर की गई प्रतिक्रिया</u>

**Priyesh Chatarji**
@ChatarjiPriyesh

फिल्म का क्लाइमेक देखकर ताली बजाने वालों उत्तर प्रदेश पुलिस के इस ट्वीट को कितनी तालियां मिलनी चाहिए।
वैसे इस प्रकार के क्रिएटिव बनाने वाली टीम को 100 तोपों की सलामी मेरी तरफ से।
🫡

---

**Manohar Singh**
@Manohar11Sin

हाउसफुल फिल्म देखने के बाद उत्तर प्रदेश पुलिस का यह ट्वीट देखा।
फिल्म से ज्यादा तो इस क्रिएटिव को देखकर मजा आ गया।
पैसा वसूल ट्वीट है।
👍👍

---

**Arjun arun**
@Arjunarun313986

उत्तर प्रदेश पुलिस की क्रिएटिविटी का जवाब नहीं,
इतने बढ़िया से समझाते हैं कि किसी भी नासमझ को समझ में आ जाए।

---

**Shivang Kaushik**
@Shivangkaushik3

What an example here from Housefull 5 movie 😅

10:30 AM · Jun 10, 2025 · **290** Views



**ashish singh**
@ashusingh1002

Who is handling this.. Really amazing😂😂😂

2:08 PM · Jun 9, 2025 · **473** Views

| |
|---|
| दिनांक 10.06.2025 |
| प्रेस विज्ञप्ति 16 / 2025 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

## पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 से भारतीय रेल प्रबंधन सेवा/यातायात के 2022 सिविल सेवा बैच के 16 परिवीक्षाधीन अधिकारी द्वारा की गयी शिष्टाचार भेट

आज दिनांक 10-06-2025 को **श्री राजीव कृष्ण, पुलिस महानिदेशक उ0प्र0** से भारतीय रेलवे परिवहन प्रबंधन संस्थान (Indian Railways Institute of Transport Management) में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे भारतीय रेल प्रबंधन सेवा/यातायात (Indian Railway Management Service/Traffic) के 2022 सिविल सेवा बैच के 16 परिवीक्षाधीन अधिकारी द्वारा शिष्टाचार भेंट की गयी।

**पुलिस महानिदेशक उ0प्र0** द्वारा परिवीक्षाधीन अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए उ0प्र0 पुलिस की कार्य प्रणाली, नवाचार एवं तकनीकी उन्नयन के सम्बन्ध में बताया गया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गयी।

उक्त अधिकारी 13-06-2025 से अपने क्षेत्रीय पदस्थापन पर जा रहे हैं, जहाँ वे देश भर में भारतीय रेलवे के प्रमुख प्रशासनिक पदों का कार्यभार संभालेंगे। इन्होंने अपना दो वर्ष का प्रशिक्षण, जो लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी (LBSNAA), मसूरी से आरंभ हुआ था जिसे पूर्ण कर लिया है।

परिवीक्षाधीन अधिकारियों के साथ भारतीय रेलवे परिवहन प्रबंधन संस्थान के अधिकारी श्री स्वदेश कुमार सिंह (वरिष्ठ प्राध्यापक/प्रशासन), श्री शिशिर सोमवंशी (डीन) एवं श्री अम्बर प्रताप सिंह (कोर्स निदेशक) उपस्थित रहे।


पुलिस महानिदेशक


पुलिस महानिदेशक


पुलिस महानिदेशक
उत्तर प्रदेश


पुलिस महानिदेशक
उत्तर प्रदेश

